मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंकः 123, मुंबई, सोमवार, 8 जुलाई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर





DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## वर्ली हिट एंड रन मामले में शिवसेना नेता और ड्राइवर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली हिट एंड रन मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मिहिर शाह के पिता राजेश शाह और ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों आरोपियों को रविवार देर रात पकड़ा गया। जबकि, बीएमडब्ल्यू कार से दंपति को टक्कर मारने वाला मिहिर फरार है, उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया। राजेश शाह महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता हैं। बता दें कि हिट एंड रन मामले को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया था। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह मुंबई में शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता की तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक दोपहिया वाहन में टक्कर मारी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)





### मुख्य आरोपी बेटा फरार, लुकआउट नोटिस जारी

### शिवसेना नेता का बेटा चला रहा था बीएमडब्ल्यू

पुलिस के मुताबिक, जिस गाड़ी से दंपती को टक्कर मारी गई वह पालघर जिले के शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता राजेश शाह की है। उनका 24 वर्षीय बेटा मिहिर शाह अंधी रफ्तार से कार दौड़ा रहा था, जबकि उनका ड्राइवर राजऋषि बिदावत बगल में बैठा था। मिहिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ है। आरोपी मिहिर टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने राजेश शाह को गिरफ्तार कर लिया और बीएमडब्ल्यू कार जब्त कर ली गई है।

### आदित्य ठाकरे ने दी प्रतिक्रिया

ठाकरे ने कहा कि पुरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हुआ है। मैं इस मामले को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहता. कौन किस पार्टी से है, मैं यहां पर राजनीति करने नहीं आया हूं और सभी से मेरी यही उम्मीद है कि इस मामले में कोई राजनीति नहीं करें। यही सभी से अपेक्षा है। एक आदमी की आंखों के सामने उसकी पत्नी की जान चली गई है। परिवार को बड़ा धक्का लगा है। जो भी शख्स गाड़ी चला रहा था, उसको इस एक्सीडेंट के मामले में कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए।

## महाराष्ट्र के अमरावती जेल में धमाके

### बैरक नंबर 6 और 7 के पास फेंका गया था विस्फोटक, कैदियों में मचा हड़कंप




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मध्यवर्ती जेल के अंदर बम धमाका हुआ है। यह घटना शनिवार की रात तकरीबन 8:30 की है। धमाके की आवाज से पूरे जेल परिसर में दहशत की स्थिति है। यह धमाका जेल के बैरक नंबर सात और छह के बीच हुआ। गनीमत रही कि इस धमाके की वजह से किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह धमाका किसी छोटे और देसी बम से किया गया है। हालांकि अभी तक साफ नहीं हो सका है कि किसने और क्यों यह धमाके किए हैं। जेल प्रबंधन की सूचना पर मौके पर पुलिस दस्ता पहुंचा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई बनी 'समंदर', बाढ़ जैसे हालात...डूबते दिखे वाहन...

### ट्रेनों के रूट डायवर्ट, आज के लिए आईएमडी की चेतावनी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मानसून का प्रकोप अब शुरू हो चुका है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रोज जमकर बारिश हो रही है। आलम ये है कि हर जगह जलभराव देखने को मिल रहा है। सड़कों से लेकर रेलवे ट्रैक, हर जगह बस पानी ही पानी। इस कारण रोड पर वाहन बमुश्किल मंजिल तक पहुंच पा रहे हैं। रेलवे ने तो कई ट्रेनों के रूट तक डाइवर्ट कर दिए हैं। कारण है पानी और कीचड़ से लबालब भरी पटरियां। फ्लाइट्स को भी एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने में दिक्कत आ रही है। मौसम विभाग की मानें तो बारिश का यह सिलसिला सोमवार यानि आज भी जारी रहेगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### येलो अलर्ट जारी

पुणे, नासिक, और सतारा, कोल्हापुर जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। छत्रपति संभाजीनगर, जालना, लातूर, धाराशिव, और नांदेड़ जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज और आंधी की चेतावनी दी गई है। जलगांव, धुले, और सोलापुर जिलों में आंधी और तूफान की चेतावनी है। जबकि रायगढ़, ठाणे, रत्नागिरी, और सिंधुदुर्ग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मुंबई के साथ-साथ ठाणे, पालघर, रायगढ़ और रत्नागिरी जिले में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मोदी की रूस यात्रा

**एक आकलन यह है कि प्रधानमंत्री उन बहुपक्षीय मंचों की बैठक में जाने को लिए ज्यादा इच्छुक नहीं हैं, जहां चीन की केंद्रीय भूमिका बन गई हो। लेकिन इसका असर रूस से द्विपक्षीय रिश्तों पर ना पड़े, इसे सुनिश्चित करना भी मोदी की प्राथमिकता है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज से शुरू हो रही दो दिन की रूस यात्रा और उनके शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में ना जाने संबंधी खबरें मीडिया में लगभग एक साथ आईं। लाजिमी है कि इन दोनों के बीच संबंध देखा गया। उसके बाद से इसको लेकर भी कयास जारी है कि मोदी अगले सितंबर में रूस के कजान शहर में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जाएंगे या नहीं। एक आकलन यह है कि प्रधानमंत्री उन बहुपक्षीय मंचों की बैठक में जाने को लिए ज्यादा इच्छुक नहीं हैं, जहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी आने वाले हों और जिन मंचों में चीन की केंद्रीय भूमिका बन गई हो। लेकिन इसका असर रूस से द्विपक्षीय रिश्तों पर ना पड़े, इसे सुनिश्चित करना भी मोदी की प्राथमिकता है। इसलिए उन्होंने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में 3-4 जुलाई को हुए एससीओ शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद मास्को जाने का फैसला किया। गौरतलब है कि यूक्रेन में रूस की विशेष सैनिक कार्रवाई शुरू होने के बाद यह मोदी का पहला रूस दौरा है। उन्होंने अब तक की अपनी आखिरी रूस यात्रा कोरोना महामारी के पहले 2019 में की थी, जब वे भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने लिए वहां गए थे। इस बीच मोदी सरकार की प्राथमिकता रूस के साथ दीर्घकालिक संबंध को कायम रखने के साथ-साथ पश्चिमी देशों से रिश्तों को प्रगाढ़ करने की रही है। आज जब उन दोनों पक्षों में तनाव चरम पर है, इस मकसद को साधने के लिए भारत संतुलन बैठाने की एक बारीक कोशिश में शामिल नजर आया है। रूस आज भी भारत का एक महत्त्वपूर्ण रक्षा सहयोगी है। इसके अलावा यूक्रेन युद्ध के बाद से रूस भारत का प्रमुख व्यापार भागीदार भी बन गया है। इस अवधि में वह भारत के लिए सस्ते दाम पर कच्चे तेल का स्रोत बना रहा है। इस बीच ऐसी खबरें रही हैं कि रूस से संपर्क सीमित करने के लिए भारत पर अमेरिका का दबाव बढ़ता चला गया है। इसी पृष्ठभूमि में मोदी की मास्को यात्रा हो रही है। और इसीलिए इसके परिणामों पर सबकी बारीक नजर लगी हुई है।


# इस्लामी नए साल की दुआ

**बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम** अल्लाहुम्मा अदखिलहु अलैना बिलयुम्नि वल ईमानि वस्सलामति वल इस्लामि व रिदवानुम मिनर व जिवारिम मिनश शैतान (हदीस) या अल्लाह इस साल को हम पर अमन और ईमान के साथ सलामती और इस्लाम और ईमान अल्लाह की खुशी और शैतान की हिफाजत के साथ दाखिल फरमा। आमीन या रब्बुल आलमीन

नया चांद देखने की दुआ

अल्लाहुम्मा अहिललहू अलैना बिलयुम्नि
वल ईमानि वस्सलामति

वल इस्लामि वत्तौफीकि लिमा तुहिब्बु व तर्दा रब्बी व रब्बुकल्लाहु (हदीस) ऐ अल्लाह इस चांद को हमारे ऊपर बरकत और ईमान और सलामती और इस्लाम साथ और उन आमाल की तौफीक के साथ निकला हुआ रख जो तुझे पसंद है ऐ चांद मेरा और तेरा रब अल्लाह है अमीन या रब्बुल आलमीन सभी भाइयों



बहनों से मेरी दिल गुजारिश है की मुझे दीन ईमान इस्लाम का इल्म देने वाली और मुझसे बेइंतहा मोहब्बत करने वाली अल्लाह की रहमत अजीम शख्सियत मेरी मोहसिन मेहरबान अम्मीजान जिनके कदमों के नीचे अल्लाह ने जन्नत रखी है हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और जन्नत के दरवाजे मेरे अब्बू जनाब बाबू खान रहमतुल्लाह अलैह इन दोनों के लिए खुशूसी दुआए मगफिरत फरमाए कि अल्लाह इनकी बख्शीश और मगफिरत फरमाकर आलमे बरजख के इल्लीन आला मुकाम अता फरमाए और अपनी रहमत और अपना नूर अता फरमाकर इनकी कब्रो को जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से पुलसिरात की सख्तियो से मैदाने महशर की तकलीफों से हिफाजत फरमाए और बदले के दिन जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप सभी भाइयों बहनों की दुआओं का तलबगार आपका भाई।

**प्रस्तुति - साजिद खान धनपुरी**
**शहडोल मध्य प्रदेश**

# मदरसा इस्लामिया में भवन का उद्घाटन माननीय विधायक समीर कुमार महासेठ के हाथों संपन हुआ: अजमतुललाह साहब

## बिहार के शहर और गांव में आवाम की हक में तरक्की की गंगा बह रही है: बिधायक समीर कुमार महासेठ

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मदरसा इस्लामिया नाहर मन टोला भगवती पुर मधुबनी में भवन का उद्घाटन माननीय विधायक श्री समीर कुमार महासेठ जी के हाथों से सम्पन्न हुआ इस मौका पर बिधायक समीर कुमार महासेठ ने कहा की मधुबनी बिधानसभा के शहर और गांव समाज के लोगों में तरक्की हो रही है में गरीबों मजदूरों और किसानों की तरक्की के लिए हर वक्त तैयार रहता हूं और में शहर और गांव के तमाम लोगों की मुनासिब तरक्की को यकीनी बनाना है में गरीबों मजबुरों और किसान की खिदमत में यकीन



रखती हुं इस मौके पर भारी संख्या में नाहर मन टोला के माननीय अभिभावक गन सम्मानित अल बिहार मदरसा टीचर असोसिएशन के सभी जिला सदस्य एवं मदरसा प्रबंध समिति सहित प्रधान मोलवी मोहम्मद इफ़्तखार, सहायक शिक्षक राफिया खातून, सोफिया खातून, मोहम्मद असफाक, अंजार, सफदर अली ,जनाब अजमतुललाह साहब सहित छात्र छात्रा मौजूद रहे मदरसा इस्लामिया के प्रधान मोलवी मोहम्मद इफ़्तखार द्वारा विधायक समीर कुमार महासेठ सहित आए हुए सभी मेहमानों का दिल से शुक्रिया अदा किया।

# छात्र खूब मन लगाकर पढ़े : डॉ.करीम सालार

## एड. अनिल देविदास नंनवरे को मिला समाज रत्न सम्मान-2024

**जलगांव।** सामाजिक क्षेत्र में कई वर्षों से कार्यरत शहर की हजरत बिलाल बहुद्देशीय सोसाइटी(रजि) द्वारा रविवार 7 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय के अल्पबचत भवन में 200 विद्यार्थियों व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 2 दर्जन से अधिक समाज सेवियों को मैडल व प्रशस्ति -पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए डॉ.अब्दुल करीम सालार ने कहा कि छात्र खूब मन लगाकर पढ़ें। जिससे वे एक कामयाब इंसान बनकर समाज व देश सेवा कर सके। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ठ अतिथि रहे एड. अनिल देविदास नंनवरे ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की धरोहर है। वे मोबाइल फोन में ज्यादा समय बर्बाद न करके उन्हें भविष्य की तरफ ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर प्रोफेसर मधुलिका सोनवणे ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई पूरे मन से करनी चाहिए। संस्था के



अध्यक्ष अकिल पहलवान ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले महानुभावों को संस्था सम्मानित करती रहती है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके परिजन व गुरुओं का भी मंच के माध्यम पुष्प देकर सम्मान किया गया। एड.स्मिता झालटे ने कहा कि जब लड़कियां व औरत घर से बाहर निकलती है तो वो अकेली नही निकलती वो अपने साथ पूरे परिवार की इज्जत साथ मे लेकर चलती है। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा मेधावी बच्चों को मैडल व प्रशस्ति-पत्र वितरित किए गए। इसी कडी में समाज मे उत्कृष्ठ कार्य करने वालों में एड.अनिल देविदास नंनवरे को समाज रतनपुरस्कार-2024,एड.स्मिता कोली को जीवन गौरव पुरस्कार, मंदाताई शंकर सोनवणे को जीवन गौरव महिला सम्मान,शोभाताई सोमा कोली को जीवन गौरव महिला पुरस्कार, एड. दिपाली आकाश सोनवणे को समाज भूषण सम्मान -2024,सुनील देविदास नंनवरे को आदर्श गौरव युवा सम्मान,रामचंद्र मुरलीधर सोनवणे को समाज भूषण सम्मान,धनराज विठ्ठल सालुंके को समाज गौरव सम्मान, पुलिस कांस्टेबल फिरोज तड़वी को समाज भूषण सम्मान-2024 व सुरेश के.कोहली को वरिष्ठ पत्रकार पुरस्कार-2024 देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एड.स्मिता आर. झालटे(कोली), जनाब डॉ.करीम सालार, प्रो.मधुरिमा सोनवाने (डायरेक्टर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, बहीनबाई चौधरी विश्वद्यालय) भी बतौर गेस्ट शामिल होंगी। कार्यक्रम में खलील एम.शेख(शिक्षण विस्तार अधिकारी, पं. स.जलगाँव), प्रा.रफीक जमील शेख (कंप्यूटर विभाग प्रमुख, रायसोनी इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, जलगाँव) व कामिल खान गुलाब पठान(अध्यक्ष, अल-खानदेश प्रेरणा फाउंडेशन जलगांव) मौजूद रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## हनीमून की रात पत्नी को बोला 'सेकंड हैंड'

# 30 साल बाद टूटा रिश्ता, पति भरेगा 3 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में रहने वाली युवती की शादी अमेरिका में रहने वाले युवक से 1994 में हुई। अब दोनों की शादी टूट गई है। हनीमून की रात बोला गया एक शब्द दोनों के रिश्ते में ऐसी दरार लाया कि पति-पत्नी का साथ रहना मुश्किल हो गया। अंत में पत्नी अपने मां के घर रहने चली गई और पति से अलग होने का फैसला कर लिया। मामला कोर्ट तक पहुंचा और दोनों की शादी टूट गई। दरअसल, शादी के बाद दूसरे कपल्स की तरह दोनों ही पति-पत्नी नेपाल में हनीमून के लिए गए। हनीमून की रात युवक ने अपनी पत्नी को कहा तुम तो 'सेकंड हैंड' हो। हनीमून से दोनों ही साथ वापस आए, लेकिन पत्नी ये शब्द नहीं भूल पाई और अंत में दोनों की शादी टूट



गई। कोर्ट ने पति को केस में दोषी पाया और उसके खिलाफ 3 करोड़ मुआवजा सहित हर महीने डेढ़ लाख रुपए का गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।

**महिला ने की थी दूसरी शादी**

शादी के बाद दोनों पति-पत्नी अमेरिका में ही साथ रहने लगे। महिला की ये दूसरी शादी थी। इसी बात को तूल बनाकर पति ने उसे 'सेकंड हैंड' कहा। पति की ये बात महिला के दिमाग में बैठ गई। हनीमून से आने के बाद उसने पति से कई बार यही सवाल पूछा कि क्या वो सच में उसके बारे में ऐसा सोचता है? जिससे दोनों के बीच में झगड़े होने लगे। पति, अपनी पत्नी पर शक करने लगा और उसके चरित्र को लेकर बहुत सी बातें बोलने लगा। दोनों के बीच अब झगड़ा इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक पहुंच गई। 2005 में दोनों वापस मुंबई लौट आए और महिला को उसकी मां के घर छोड़ दिया। 2014 में पति फिर से अमेरिका वापस लौट गया। इन सभी बातों से परेशान होकर 2017 में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की।बॉम्बे हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकार रखा। और वैकल्पिक घर के लिए 75 हजार रुपये, 1।5 लाख रुपये प्रति माह गुजारा भत्ता और 3 करोड़ रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। कोर्ट ने साफ किया कि यह रकम पीड़ित महिला को उसकी मानसिक यातना और भावनात्मक परेशानी के मुआवजे के तौर पर दी जा रही है।

# ब्रिटिश जल्लादों ने महान क्रांतिकारी सूर्य सेन के दांत को हथोड़े से तोड़कर नाखूनों को निकाल दिया था

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** यूं तो हमारे देश को आजाद कराने में कई लाखों बेनाम देशभक्तों और क्रांतिकारियों ने अपना सबकुछ खपा दिया लेकिन सूर्य सेन ऐसे महान क्रांतिकारी थे जिनके साथ ब्रिटिश जल्लादों ने बर्बरताओं की सारी हदें पार कर दी थी। सूर्य सेन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने इंडियन रिपब्लिकन पार्टी की स्थापना की और चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व किया। वे नेशनल हाई स्कूल के रूप में कार्यरत थे। और लोग प्यार से उन्हें मास्टर दा कहकर संबोधित करते थे। इस घटना ने आग में घी का काम किया और बंगाल के बाहर देश के अन्य हिस्सों में स्वतंत्रता संग्राम उग्र हो उठा। इस घटना का असर कई महीनों तक रहा। पंजाब में हरिकिशन ने वहां के गवर्नर की हत्या की कोशिश की। दिसंबर 1930 में विनय बसु , बादल गुप्ता और दिनेश गुप्ता ने कलकत्ता की राइटर्स बिल्डिंग में प्रवेश किया और स्वतंत्रता सेनानियों पर जुल्म ढाने लगे। पुलिस अधीक्षक को मौत के घाट उतार दिया गया। आइआर ए के इस संग्राम में दो लड़कियों प्रितिलता वाद्देदार और कल्पना दत्त ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्ता डगमगाते देख अंग्रेज बर्बरता पर उतर आए। महिलाओं और बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। आईआरए के अधिकतर योद्धा गिरफ्तार कर लिए गए। और तारकेश्वर दस्तीदार को फांसी पर लटका दिया गया। अंग्रेजों से गिरने पर प्रितिलता ने जहर खाकर मातृभूमि के लिए जान दे दी जबकि कल्पना दत्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सूर्य सेन इस इस विद्रोह के बाद छिपे रहे और एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलते रहे। वे एक कार्यकर्ता एक किसान, पुजारी, गृह कार्यकर्ता या धार्मिक मुसलमान के रुप में छिपे रहे। इस तरह वो ब्रिटिशो की गिरफ्त में आने से बचते रहे। एक बार उन्होंने नेत्र सेन के नाम के आदमी के घर में शरण ली। लेकिन नेत्र सेन ने उनके साथ छल कर धन के लालच में ब्रिटिशों को उनकी जानकारी दे दी और फरवरी 1933 में उन्हें



पकड़ लिया। इससे पहले कि नेत्र सेन को अंग्रेजों ने पुरस्कृत किया हो क्रांतिकारी किरण सेन उनके घर आए और एक लंबे चाकू के साथ उनका सर काट डाला। नेत्र सेन की पत्नी सूर्य सेन की बड़ी समर्थक थी इसलिए कभी भी उस क्रांतिकारी के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने नेत्र सेन की हत्या की थी। सेन को फांसी देने से पहले अमानवीय ब्रिटिश जल्लादों ने उन पर क्रूरता से अत्याचार किया। बर्बर ब्रिटिश जल्लादों ने हथोड़े से सभी दांतों को तोड़ दिया और सभी नाखूनों को निकाल फेंका । उनके सभी अंगों और जोड़ों को तोड़ दिया गया। और उनके अचेतन शरीर को फांसी की रस्सी तक घसीटा गया था। 12 जनवरी 1934 को एक अन्य क्रान्तिकारी तारकेश्वर दस्तीदार को भी सेन के साथ फांसी दी गई थी। उसकी मृत्यु के बाद उसके मृत शरीर का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। बाद में पाया गया कि जेल अधिकारियों ने एक धातु के पिंजरे में उनके मृत शरीर को डाल दिया और बंगाल की खाड़ी में फेंक दिया गया। उन्होंने आखिरी पत्र अपने दोस्तों को लिखा था जिसमें कहा था कि मौत मेरे दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं मेरा मन अनंतकाल की ओर उड़ रहा हैं ऐसे सुखद समय पर ऐसे गंभीर क्षण में मैं तुम सबके पास छोड़ जाऊंगा ? केवल एक चीज जो मेरा एक सपना है एक सुनहरा सपना - स्वतंत्र भारत का सपना.. कभी भी 18 अप्रेल 1930 चटगांव के विद्रोह के दिन को कभी मत भूलना। अपने दिल के देशभक्तों के नाम को स्वर्णिम अक्षरों में लिखना जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की बेदी पर अपना जीवन बलिदान किया है। इस महान हुतात्मा की स्मृति में भारत सरकार ने 1978 में और बांग्लादेश सरकार ने 1999 में डाक टिकट जारी किया है। चिटगांव जेल के जिस स्थान पर सूर्य सेन को फांसी दी गई थी बांग्लादेश सरकार ने उसे स्मृति स्थान के रूप में समर्पित कर उनकी याद को सहेजने का काम किया है। मुंबई हलचल परिवार महान क्रांतिकारी सूर्य सेन की देशभक्ति को नमन करता है।




सीनियर रिपोर्टर खुलासा टुडे सह संपादक खबरें आज तक लाइव न्यूज धार जिला ब्यूरो चीफ बाकानेर नवभारत रिपोर्टर सैयद रिजवान अली को पवित्र मां अहिल्या की नगरी महेश्वर में आयोजित अंतर राज्यि पत्रकार महासम्मेलन में सम्मनित करते हुवे भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख इस अवसर पे डीजीयाना न्यूज चैनल के संपादक प्रतीक श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार रमण रावल हेमंत पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन,शाहनवाज शेख मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से 300 से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

**मुंबई हिट एंड रन मामले में शिवसेना नेता और ड्राइवर गिरफ्तार**

जिससे एक महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से जख्मी है। महिला को सड़क पर फेंकने से पहले करीब 2 किलोमीटर तक बोनट पर घसीटा गया। मृतका कावेरी नखवा (45) पति प्रदीप नखवा (50) के साथ क्रॉफर्ड मार्केट से खरीदी गई मछली बेचने के लिए वापस जा रही थी। दंपती वर्ली कोलीवाड़ा इलाके में रहता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ली के कोलिवाड़ा इलाके में रहने वाला दंपत्ति सुबह 5:30 बजे ससून डॉक से मछली खरीदने गया था। लौटते समय तेज रफ्तार में आ रही एक बीएमडब्ल्यू कार ने दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पलट गई। इसके बाद दोनों पति-पत्नी कार के बोनट पर जा गिरे। पती पत्नी को टक्कर मारने के बावजूद शिवसेना नेता के बेटे ने कार नहीं रोकी। आरोपी मिहिर के शराब के नशे धुत होने के भी दावे किए जा रहे हैं। टक्कर के बाद पति ने तुरंत खुद को बचाने के लिए बोनट से छलांग लगाई, लेकिन पत्नी उठ नहीं पाई। घायल महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी घटना के बारे में जानकारी मांगी है। मौका-ए-वारदात से अहम सबूत जुटाए हैं। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली गई है। आरोपी को गिरफ्तार करने की पूरी कोशिश की जा रही है।

**महाराष्ट्र के अमरावती जेल में धमाके**

बाद में खुद पुलिस कमिश्नर ने भी बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंच कर घटना की पड़ताल की। उन्होंने बताया कि जेल के अंदर बैरक नंबर छह और सात के पास किसी बम या पटाखे के फटने की जोरदार आवाज आई थी। इससे जेल के अंदर भगदड़ मच गया था। हालांकि पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। अभी तक कोई संदिग्ध चीज नजर नहीं आई है। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक मौके पर बम निरोधक दस्ता और फोरेंसिक टीम को बुला लिया गया है। यह टीमें हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही हैं। घटना स्थल से पटाखे के सैंपल उठाने के साथ ही अन्य सुराग तलाशने की कोशिश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल के आसपास मिले सभी तरह के फिंगरप्रिंट उठाए जा रहे हैं। इन फिंगरप्रिंट का जेल में रह रहे कैदियों के फिंगर प्रिंट से मिलान किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जेल में धमाके की हरकत जेल के अंदर रह रहे किसी कैदी की हो सकती है। पुलिस इसे किसी गैंगवार से भी जोड़ कर देख रही है। ऐसे हालात में पुलिस ने जेल में बंद विभिन्न गैंग के बदमाशों की कुंडली भी खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक बम स्क्वायड द्वारा उठाए गए सैंपल को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस बम को जेल में ही बनाया गया है और किसी को डराने के लिए किया गया है। हालांकि अभी तक पुलिस को कोई ठोस प्रमाण नहीं मिले हैं।

**मुंबई बनी 'समंदर'...**

बिजली की गर्जन के साथ बदरा जमकर बरसेंगे। रविवार को आंधी और बारिश के कारण पटरियों पर एक पेड़ गिरने के बाद कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गईं। इसके अलावा, अटगांव और थानसिट स्टेशनों के बीच पटरियों पर पानी के साथ-साथ मिट्टी जम गई। यहां भी पटरी पर पेड़ गिर गया। इस कारण वाशिंद स्टेशन अवरुद्ध हो गया। यहां से गुजरने वाली ट्रेनों को डायवर्ट करना पड़ा। उम्मीद है कि सोमवार से इन रूटों पर ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू हो जाएंगी।

# मुहर्रम क्यों मनाते हैं ?

## ... जानें कर्बला की जंग में इस दिन क्या हुआ था

आज 8 जुलाई से भारत में मुहर्रम की शुरूआत हो गई है। सऊदी अरब में 7 जुलाई से मुहर्रम का आरम्भ हुआ था। इस्लामिक कैलेंडर की शुरूआत मुहर्रम महीने के पहले दिन के साथ होती है, इसे हिजरी कैलेंडर के रूप में जाना जाता है। मुहर्रम पर अल्लाह के नेक बंदे की शहादत के लिए याद रखा जाता है। मुहर्रम को पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत हुई थी, इसलिए मुहर्रम पर गम मनाया जाता है। मुहर्रम पर कर्बला की जंग को भी याद किया जाता है। ज्यादातर लोगों को कर्बला की इस जंग की जानकारी नहीं है।



## मुहर्रम का महीना...

मुहर्रम का महीना इस्लाम धर्म के लोगों के लिए बहुत खास होता है। यह महीना त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। मुहर्रम, बकरीद के 20 दिन बाद मनाया जाता है। मुहर्रम के दिन खुदा के नेक बंदे हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी, इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोग इस महीने हुसैन को याद करते हुए गम मनाते हैं। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे। मुहर्रम पर हुसैन की याद में ताजिया उठाया जाता है और मुस्लिम समुदाय के लोग मातम मनाते हुए रोते हैं।

islamic New year



## हुसैन के काफिले पर यजीद ने किए जुल्म

मुहर्रम की 10 तारीख को यजीद की फौज और हुसैन के काफिले के बीच जंग हुई। यजीद की फौज बहुत बड़ी थी और हुसैन के साथ सिर्फ 72 लोग थे। हुसैन ने अपने साथियों से कहा कि वे उन्हें छोड़कर चले जाएँ, लेकिन कोई भी नहीं गया। हुसैन जानते थे कि यजीद उन्हें नहीं छोड़ेगा। यजीद बहुत ताकतवर था और उसके पास बहुत सारे हथियार थे। हुसैन के पास इतनी ताकत नहीं थी। फिर भी हुसैन ने यजीद के सामने झुकने से इंकार कर दिया। हुसैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर यजीद की फौज का डटकर मुकाबला किया लेकिन कोई भी हुसैन को छोड़कर वहां से नहीं गए। यह हुसैन और उनके साथियों की वीरता और साहस का परिचय देता है।



## कर्बला की जंग में इस दिन क्या हुआ था

इस्लामिक मान्यता के अनुसार कर्बला की जंग 1400 साल पहले हुई थी। जिसमें पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। इस्लाम की शुरूआत मदीना से मानी जाती है। मदीना से कुछ दूरी पर मुआविया नाम का एक शासक था, जिसके मरने के बाद उसके बेटे यजीद को शाही गद्दी पर बैठाया गया था। यजीद बहुत ही क्रूर शासक था। यजीद अपना खुद का अलग मजहब बनाना चाहता था, जिसकी वजह से उसने लोगों को अपने आदेशों को पालन करने के लिए कहा और खुद को इस्लाम का खलीफा मानने के लिए कहा। यजीद जानता था कि मोहम्मद साहब नवासे इमाम हुसैन के समर्थक बहुत ज्यादा थे, इसलिए उसने इमाम हुसैन से कहा कि अपने समर्थकों से कहे कि वो यजीद को ही खलीफा मानें। जब इमाम साहब ने यजीद की बात नहीं मानी, तो उसने लोगों पर क्रूरता करनी शुरू कर दी। उसने सभी लोगों पर जुल्म ढाए।

# पुलिस पर गोली चला भाग रहे हत्यारे को टीम सीपी सिंह ने किया मुठभेड़ में गिरफ्तार

## मुठभेड़ में गिरफ्तार टेंपो स्टैंड संचालक के हत्यारे को टीम सीपी सिंह ने भेजा जेल

**कानपुर।** यहां नौबस्ता थाना क्षेत्र में मैजिक गाड़ियों ऑटो और टेंपो वालों से अवैध उगाही के बंटवारे के विवाद में स्टैंड संचालक की हत्या करने वाले आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उसे नौबस्ता के प्रभारी निरीक्षक जगदीश पांडे की अगुवाई में बसंत विहार के चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह की टीम ने घटना के 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी। इस हत्या आरोपी को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल चौकी प्रभारी टीम छत्रपाल सिंह इसके पहले भी जहां भी पोस्ट रहे हैं। वहां भी अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी में सफलता को लेकर चर्चा का विषय रहे हैं। अवगत कराते चलें कि बीते शुक्रवार की सुबह नौबस्ता खाना क्षेत्र में स्टैंड संचालक हरि करण सिंह (55) की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनी खेज के घटना को सौरभ सचान नामक युवक ने अंजाम दिया था ,जिसे फरार होने के इरादे से गोली चलाने के दौरान पुलिस से हुई मुठभेड़ में नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश पांडेय, अतिरिक्त निरीक्षक नदीम खान, बसंत विहार चौकी प्रभारी छत्रपाल सिंह, आवास विकास चौकी प्रभारी सद्दाम खान और हेड कांस्टेबल विकास चौहान की टीम ने 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी।



- घटना की वजह ऑटो टेम्पो और मैजिक गाड़ी से अवैध वसूली किए जाने से जुड़ी
- टेंपो वालों से अवैध वसूली को लेकर पहले भी हो चुकी हैं हत्या की घटनाएं

### न्यूयार्क के मार्क किंग्डन ने रिपोर्ट का लाभ उठाया

# हिंडनबर्ग ने प्रकाशन से दो माह पहले अदाणी से संबंधित रिपोर्ट अपने ग्राहक से साझा की : सेबी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है। सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष (हेज फंड) और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई भारी-भरकम 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने किया खुलासा

कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि किंग्डन ने कभी यह खुलासा नहीं किया कि उनका हिंडनबर्ग के साथ कोई संबंध था और न ही वे किसी मूल्य-संवेदनशील जानकारी के आधार पर काम कर रहे थे। सेबी ने पिछले साल उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को बताया था कि वह 13 ऐसी बाहरी 'अस्पष्ट' इकाइयों की जांच कर रहा है जिनकी अदाणी समूह के पांच सार्वजनिक रूप से कारोबार वाले शेयरों में 14 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी थी।




## भारत डराने धमकाने का प्रयास करता है: हिंडनबर्ग

वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने' का प्रयास है।

## कोटक महिंद्रा केएमआईएल से संबंधित थी

साथ ही उसने खुलासा किया है कि अदाणी की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के खिलाफ दांव लगाने के लिए जिस इकाई का इस्तेमाल किया गया वह कोटक महिंद्रा (इंटरनेशनल) लिमिटेड (केएमआईएल) से संबंधित थी, जो कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की मॉरीशस स्थित अनुषंगी कंपनी है।

## सेबी का इन लोगों को नोटिस

सेबी ने न केवल हिंडनबर्ग को, बल्कि केएमआईएल, किंग्डन और हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन को भी नोटिस भेजा है। पूर्व में अदाणी समूह के पक्ष में बात करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया है कि किंग्डन का चीन से संपर्क है। किंग्डन का विवाह 'चीनी जासूस' अनला चेंग के साथ हुआ है।

## अदाणी इंटरप्राइजेस पर लगाया गया दांव

केएमआईएल के कोष ने अपने ग्राहक किंग्डन के किंग्डन कैपिटल मैनेजमेंट के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर दांव लगाया। सेबी के नोटिस में अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) में भविष्य के अनुबंध बेचने के लिए हेज फंड के एक कर्मचारी और केएमआईएल के कारोबारियों के बीच 'चैट' के अंश शामिल हैं।

## जेठमलानी का आरोप

जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी जासूस चेंग ने अपने पति मार्क किंग्डन के साथ अदाणी पर एक शोध रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग की सेवाएं लीं। उन्होंने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग के लिए ट्रेडिंग खाते को कोटक की सेवाएं लीं और इसके जरिये लाखों डॉलर कमाए। इससे अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में भारी गिरावट आई।

TRANSFORM YOUR BUSINESS THROUGH

# ALPHA MIND PROGRAMMING

By:

## PRAVEEN SAGAR

Ready To Grow **3X?**

**JOIN**

Our Scientifically Proven
**Mind Power Session** For
Massive Success & Happiness

What You'll Achieve?

- Super Sales
- Crossing Targets
- Wholistic Work Life Balance
- Big Money with Peace of Mind



PRAVEEN SAGAR
Mind Power Success Coach

"I INK WHAT YOU THINK"

+91 99788 00522 / +91 94283 30770
psagarmanpuria@gmail.com
praveensagarmindguru
praveensagarMindGuru



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# श्वेता तिवारी का फूटा गुस्सा



**टीवी** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने चौंकाने वाला खुलासा किया। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि वह टेलीविजन शोज नहीं देखती हैं। आइए जानते हैं एक्ट्रेस ने टीवी शोज न देखने की क्या वजह बताई। एक इंटरव्यू के दौरान श्वेता तिवारी ने बड़ा खुलासा किया है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस होने के बावजूद श्वेता तिवारी ने बताया कि वह टेलीविजन शोज नहीं देखती हैं। श्वेता तिवारी का कहना है कि अब उन्हें लगता है कि टीवी के कंटेंट में सुधार होना चाहिए। श्वेता ने कहा- मैं खुद को रिपीट नहीं करना चाहती। मैं बार-बार एक जैसा काम नहीं कर सकती। टीवी देखें तो सभी शोज एक जैसे होते हैं। मैंने टीवी देखना छोड़ दिया है। श्वेता तिवारी ने इंटरव्यू में कहा, वह ऐसी चीजें दिखाते हैं, जो पॉसिबल नहीं हैं। भगवान का फूल गिर जाना, ऐसे लगता है कि भगवान आपके साथ ही चल रहे हैं। यह पॉसिबल नहीं है ना। मैं जानती हूं कि भगवान हमेशा आपके साथ हैं लेकिन ऐसा तो नहीं हो सकता कि सिंदूर उड़कर आ जाए, ऐसा नहीं होता है। श्वेता ने आगे कहा, टीवी को एक लीप की जरूरत है, मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हो रहा है। इसमें बहुत गुंजाइश है और ढेर सारे अच्छे एक्टर्स हैं।

PASARA LICENSE HOLDER
SPY SECURITY SSS SERVICES
SERVICES
1) Supervisor / Rounder
2) Male Security Guard
3) Female Security Guard
4) Liftman
5) Bouncer
CONTACT
9892736336
24/7 SERVICE

G. D. JALAN COLLEGE
ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE Estd. : 2011
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)
Upper Govind Nagar, Malad (East)
NAAC accredited with B+ ISO 9001: 2015 Certified College
Admissions Open
The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)
B.Com.: : Bachelor of Commerce
B.Com.: : Bachelor of Commerce (Management Studies)
B.A.F.: : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)
B.Sc.: : Bachelor of Science
B.Sc.I.T.: : Bachelor of Science (Information Technology)
College Code : MU-0527
Contact Number: 9321558419/ 9321674124